**Series SSO**

Code No. **59/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीति विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

(i) **All** questions are compulsory.

(ii) Questions number **1** to **10** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.

(iii) Questions number **11** to **20** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.

(iv) Questions number **21** to **30** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.

(v) Questions number **31** to **35** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **21** से **30** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **31** से **35** का प्रत्येक प्रश्न **छः** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

**1.** How is 9/11 important in the context of U.S.A. ? *1*

संयुक्त राज्य अमरीका के संदर्भ में 9/11 का क्या महत्त्व है ?

**2.** In 1992 which regional organisation was formed ? *1*

1992 में किस क्षेत्रीय संगठन का गठन हुआ था ?

**3.** "The United Nations was not created to take humanity to the heaven, but to save it from the hell." — Dag Hammarskjöld.

What is meant by this statement ? *1*

"संयुक्त राष्ट्र की स्थापना मानवता को स्वर्ग में ले जाने के लिए नहीं, अपितु उसे नरक से बचाने के लिए हुई थी ।" — डैग हैमरशोल्ड ।

इस कथन से क्या अभिप्राय है ?

4. What is meant by 'human security' ? *1*
'मानवीय सुरक्षा' से क्या अभिप्राय है ?

5. Define indigenous population. *1*
मूलवासियों की परिभाषा दीजिए ।

6. Which World Summit Conference was held at Rio in 1992 ? *1*
1992 में रियो में कौनसा विश्व शिखर सम्मेलन हुआ था ?

7. Which party emerged as the second largest party in the 1952 General Elections ? *1*
1952 के आम चुनावों में कौनसा दल दूसरे स्थान पर रहा ?

8. In which State did the Indian National Congress face defeat in March 1957 Assembly Elections ? *1*
मार्च 1957 के विधान सभा चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की किस राज्य में हार हुई थी ?

9. Choose the correct answer.
Indian foreign policy is affected by : *1*
(a) cultural factors
(b) domestic factors
(c) international factors
(d) domestic and international factors
सही उत्तर चुनिए ।
भारतीय विदेश नीति किन कारकों से प्रभावित है ?
(अ) सांस्कृतिक कारक
(ब) घरेलू कारक
(स) अन्तर्राष्ट्रीय कारक
(द) घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय कारक

10. What is the meaning of Panchsheel ? *1*
पंचशील का क्या अर्थ है ?

11. Why did the two super-powers try to control the smaller nations during the Cold War ? *2*
शीत युद्ध के दौरान दोनों महा-शक्तियाँ छोटे देशों पर अपना नियंत्रण क्यों बनाए रखना चाहती थीं ?

12. What is the relevance of the Non-Aligned Movement after the end of the bipolar world ? 2

द्विध्रुवीय विश्व की समाप्ति के बाद गुटनिरपेक्ष आंदोलन की क्या प्रासंगिकता है ?

13. Who were the target of 'Operation Enduring Freedom' launched by the U.S. as part of the war on terrorism ? 2

संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा छेड़े गए आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध में 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' का निशाना कौन थे ?

14. What is U.N.E.P. ? Mention its any two main functions. $1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$

यू.एन.ई.पी. (U.N.E.P.) क्या है ? इसके किन्हीं दो मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

15. Explain the concept of 'common but differentiated responsibility'. 2

'जिम्मेवारी साझी, भूमिकाएँ अलग-अलग' इस अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

16. Write the meaning and importance of economic planning in the Indian context. $1+1=2$

भारतीय संदर्भ में आर्थिक नियोजन का अर्थ तथा महत्त्व लिखिए ।

17. What is meant by 'one-party dominance' in the Indian context ? 2

भारतीय संदर्भ में 'एक-दलीय प्रभुत्व' से क्या तात्पर्य है ?

18. Mention any two main reasons for the collapse of the Soviet Union. $1+1=2$

सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं दो प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए ।

19. What is meant by 'Shock Therapy' ? 2

'शॉक थेरेपी' का क्या अर्थ है ?

20. When was India's New Economic Policy launched ? Who was its chief architect ? $1+1=2$

भारत की नई आर्थिक नीति कब लागू की गई ? इसका मुख्य प्रतिपादक कौन था ?

21. What was Bandung Conference ? Describe its outcomes. $2+2=4$

बांडुंग सम्मेलन क्या था ? इसके परिणामों का वर्णन कीजिए ।

22. What steps should be taken to strengthen the U.N.O. ? 4

संयुक्त राष्ट्र-संघ को सशक्त बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिएँ ?

23. Define globalization. Is it a multi-dimensional concept ? Justify. *2+2=4*

वैश्वीकरण की परिभाषा दीजिए । क्या यह एक बहु-आयामी अवधारणा है ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

**24.** Describe the outcomes of States Reorganisation Commission appointed in 1953. *4*

1953 में गठित राज्य पुनर्गठन आयोग के परिणामों का वर्णन कीजिए ।

**25.** Explain the functioning of the Communist Party of India from 1920 to 1950. *4*

1920 से 1950 तक भारतीय साम्यवादी दल की कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए ।

**26.** What is meant by 'Privy Purses' ? Why did Indira Gandhi insist on abolishing them in 1970 ? *2+2=4*

'प्रिवी पर्स' का क्या अर्थ है ? 1970 में इंदिरा गांधी उन्हें क्यों समाप्त कर देना चाहती थी ?

**27.** Look at the given cartoon and answer the following questions : *1+2+1=4*





(a) The cartoon refers to which treaty ?

(b) How can we say that we were non-aligned even after signing this treaty with the Soviet Union ?

(c) This treaty was signed to counteract which rival forces of India ?

दिए गए कार्टून को देखिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(अ) कार्टून में किस संधि की ओर संकेत किया गया है ?

(ब) सोवियत संघ से संधि के बावजूद यह कैसे कहा जा सकता है कि हम गुटनिरपेक्ष हैं ?

(स) यह संधि भारत की किन विरोधी शक्तियों का मुकाबला करने के लिए की गई थी ?

**The following question is for Blind Candidates only in lieu of Q. No. 27.**

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है ।**

(a) Which treaty was signed between India and Soviet Union in 1971 ?

(b) How can we say that India remained non-aligned even after signing the above treaty ?

(c) The above treaty was signed to counteract which rival forces of India ? *1+2+1=4*

(अ) भारत तथा सोवियत संघ के बीच 1971 में कौनसी संधि हुई ?

(ब) सोवियत संघ से संधि करने के पश्चात् भी भारत को एक गुटनिरपेक्ष राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है ?

(स) उपर्युक्त संधि भारत की किन विरोधी शक्तियों का मुकाबला करने के लिए की गई थी ?

28. What lessons can we draw from the feeling of alienation in some parts of India ? 4

भारत के कुछ भागों में व्याप्त अलगाववादी भावना से हम क्या सबक सीख सकते हैं ?


29. How did the Emergency of 1975 benefit the Indian democratic set-up ? 4

1975 के आपातकाल ने किस प्रकार भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लाभान्वित किया ?

30. Study the map given below and answer the following questions : 2+2=4

(i) Identify and match the four states marked Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ with Arunachal Pradesh, Mizoram, Nagaland and Meghalaya.


(ii) Write the capitals of these four states against the names of the respective states.



नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) (अ), (ब), (स) और (द) द्वारा दिखाए गए चारों राज्यों को पहचानिए तथा अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, नागालैण्ड तथा मेघालय के साथ मेल करते हुए सही जोड़े बनाइए ।

(ii) इन चारों राज्यों के नाम लिख कर उनके सामने क्रमशः उनकी राजधानियों के नाम भी लिखिए ।




**The following question is for Blind Candidates only in lieu of Q. No. 30.**

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर है ।**

The North-Eastern region of India shares the boundaries with which two countries ? Mention also the names of the capitals of the following states of the North-Eastern part of India : $1+1+4\times\frac{1}{2}=4$

(a) Arunachal Pradesh

(b) Mizoram

(c) Nagaland

(d) Meghalaya

भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की सीमाएँ किन दो देशों के साथ लगती हैं ? भारत के निम्नलिखित उत्तर-पूर्वी राज्यों की राजधानियों के नाम भी लिखिए :

(अ) अरुणाचल प्रदेश

(ब) मिज़ोरम

(स) नागालैण्ड

(द) मेघालय

31. Evaluate the New International Economic Order of 1970s. 6

**OR**

Assess India's role in Non-Aligned Movement.

1970 के दशक में नव अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन कीजिए ।

**अथवा**

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में भारत की भूमिका का आकलन कीजिए ।

32. Examine the factors responsible for the U.S. hegemony in the world politics. 6

**OR**

Analyse the main constraints to the U.S. hegemony in the present day world.

विश्व राजनीति में संयुक्त राज्य अमरीका के वर्चस्व के लिए उत्तरदायी कारकों का परीक्षण कीजिए ।

**अथवा**

आज के विश्व में संयुक्त राज्य अमरीका के वर्चस्व के मार्ग में आने वाली मुख्य बाधाओं का विश्लेषण कीजिए ।

33. Explain the role of the European Union as a supra-national organisation. 6

**OR**

What steps should be taken to strengthen the ASEAN in the international community ?

एक अधिराष्ट्रीय संगठन के रूप में यूरोपीय संघ की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान के सशक्तिकरण के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिएँ ?

**34.** How did the fourth General Elections (1967) in India change the dynamics of Indian politics ? *6*

**OR**

Evaluate the role of the 'Naxalite Movement' in India.

भारत में चौथे आम चुनावों (1967) ने भारतीय राजनीति की गतिकी को किस प्रकार बदला ?

**अथवा**

भारत में 'नक्सलवादी आन्दोलन' की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

**35.** Mention any three social movements of India. Explain their main objectives. *2+2+2=6*

**OR**

Answer the following questions based upon the following Press Report :

**'Bharatiya Kisan Union wants agriculture out of WTO purview'**

*By our Staff Correspondent*

Mysore, Feb. 15

The Bharatiya Kisan Union has warned of socio-economic upheavals in the country if India does not bargain to keep agriculture out of the purview of the World Trade Organisation.

Addressing a press conference here today, the Chief of the Union, Mahender Singh Tikait and its National Coordinating Committee Convener, M. Yudhveer Singh warned of impending dangers if India goes ahead and agrees to the stipulations of the WTO in the next round of meetings scheduled to be held in Hong Kong in November.

*Courtesy : The Hindu*, February 16, 2005

(a) What is B.K.U. ?

(b) Why is it against the W.T.O. ?

(c) What dangers are anticipated for Indian agriculture from the W.T.O. ?

भारत के किन्हीं तीन सामाजिक आन्दोलनों का उल्लेख कीजिए । उनके मुख्य उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

निम्नलिखित प्रेस रिपोर्ट के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**'भारतीय किसान यूनियन : कृषि को डब्ल्यू.टी.ओ. से बाहर रखे सरकार'**

*कार्यालय संवाददाता*

मैसूर, 15 फरवरी

भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर भारत ने कृषि को विश्व व्यापार संगठन के दायरे से बाहर रखने के लिए ज़रूरी कदम नहीं उठाए तो देश को इससे सामाजिक-आर्थिक परिणाम भुगतने होंगे ।

यूनियन के प्रमुख, महेन्द्र सिंह टिकैत और इसकी राष्ट्रीय समन्वयक समिति के संयोजक एम. युद्धवीर सिंह ने आज यहाँ एक प्रेस सम्मेलन में चेताया कि अगर भारत विश्व व्यापार संगठन के कायदे-कानूनों को मान लेता है तो यह उसके लिए ख़तरनाक होगा । विश्व व्यापार संगठन की अगली बैठक नवम्बर में हाँग काँग में होगी ।

*साभार :* द *हिन्दू*, 16 फरवरी, 2005

(अ) बी.के.यू. क्या है ?

(ब) यह विश्व व्यापार संगठन के विरुद्ध क्यों है ?

(स) डब्ल्यू.टी.ओ. से भारतीय कृषि को क्या ख़तरा हो सकता है ?